बी.एच.डी.एफ.-101

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

26706

जून, 2015

बी.एच.डी.एफ.-101 : हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. निम्नलिखित कहावतों का वाक्य में प्रयोग कीजिए : *4*

(क) जिसकी लाठी उसकी भैंस

(ख) दूर के ढोल सुहावने

2. निम्नलिखित में से किन्हीं *दो* के विलोम शब्द बताइए : *4*

आकाश, सस्ता, देव, गरम ।

3. निम्नलिखित में से किसी *एक* विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखिए : *10*

(क) साहित्य और समाज

(ख) शिक्षा का महत्त्व

(ग) भ्रष्टाचार : कारण और निदान

(घ) मीडिया की भूमिका

4. समय से मनीऑर्डर न पहुँचने की शिकायत करते हुए पोस्टमास्टर को पत्र लिखिए । 6

5. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर और इसके आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

थोड़ी देर में अलाव जल उठा । उसकी लौ ऊपर वाले वृक्ष की पत्तियों को छू-छूकर भागने लगी । उस अस्थिर प्रकाश में बगीचे के विशाल वृक्ष ऐसे मालूम होते थे, मानो उस अथाह अंधकार को अपने सिरों पर सँभाले हुए हों । अंधकार के उस आनंद सागर से यह प्रकाश एक नौका के समान हिलता, मचलता हुआ जान पड़ता था ।

(क) 'लौ' और 'अथाह' शब्दों के अर्थ बताइए । 2

(ख) लेखक की नज़र में बगीचे के वृक्षों ने कौन-सा उत्तरदायित्व सँभाल रखा था ? 4

(ग) प्रकाश को अस्थिर क्यों कहा गया है ? 4

6. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** का आशय लगभग 200 शब्दों में लिखिए : 6

(क) दीपक के जलने में आली
फिर भी है जीवन की लाली
किन्तु पतंग-भाग्य-लिपि-काली
किसका वश चलता है ?
दोनों ओर प्रेम पलता है ।

(ख) चरन कमल बंदौं हरि राई ।
जाकी कृपा पंगु गिरि लंघै, अंधे को सब कछु दरसाई ।।

7. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 200 – 200 शब्दों में लिखिए : *2×5=10*

(क) 'बहुत बड़ा सवाल' का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'वैष्णव की फिसलन' में निहित व्यंग्य का विवेचन कीजिए ।

(ग) सूर की कविता का भाव-पक्ष लिखिए ।

(घ) 'जूठन' शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए ।